# स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद, राष्ट्रीय युवा नीति 2014, रामकृष्ण परमहंस, विवेकानंद रॉक मेमोरियल, **वेदांत**, योग, नव-वेदांत, उपनिषद, गीता, बुद्ध, रामकृष्ण मिशन, धर्म संसद, सतत् विकास लक्ष्य, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020।

## मेन्स के लिये:

स्वामी विवेकानंद का योगदान। राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

राष्ट्रीय युवा दिवस (**स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती**) पर, प्रधानमंत्री ने **विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025** में भाग लिया।

- महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक एवं विचारक **स्वामी विवेकानंद की स्मृति में 12 जनवरी को** राष्ट्रीय **युवा दिवस** मनाया जाता है।
- राष्ट्रीय युवा नीति 2014 में युवाओं की परिभाषा **15-29** आयु वर्ग के व्यक्तियों के रूप में की गई है, जो **भारत की कुल जनसंख्या का लगभग 40% है।**

## विकसित भारत युवा नेता संवाद क्या है?

- **परिचय:** यह एक ऐसा मंच है जिसका उद्देश्य **युवाओं को राष्ट्र निर्माण** में शामिल करना है जो प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस पर **बिना किसी राजनीतिक संबद्धता वाले 1 लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के आह्वान** के अनुरूप है।
- **भागीदारी**: इस आयोजन में **15-29 वर्ष की आयु के 3,000 युवा** एक साथ आए, जिनका चयन **योग्यता आधारित, बहु-चरणीय प्रक्रिया** (जिसे विकसित भारत चैलेंज कहा जाता है) के माध्यम से किया गया।
- **विषयगत फोकस: इसमें युवा नेताओं द्वारा** भारत के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण **दस विषयगत क्षेत्रों** पर विचार प्रस्तुत किये गए जिनमें **प्रौद्योगिकी, स्थिरता, महिला सशक्तीकरण, विनिर्माण तथा कृषि** शामिल हैं।

## स्वामी विवेकानंद के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **स्वामी विवेकानंद (जिनका जन्म 12 जनवरी 1863** को हुआ था) **एक भिक्षु और** रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे।
  - **वर्ष 1893** में खेतड़ी राज्य के **महाराजा अजीत सिंह** के अनुरोध पर उन्होंने अपने पूर्व नाम 'सच्चिदानंद' को बदलकर '**विवेकानंद**' रख लिया।
- **आत्मज्ञान: मान्यताओं के अनुसार 1892** में स्वामी विवेकानंद **साधना करने के लिये कन्याकुमारी** के तट से हिंद महासागर में एक **विशाल शिला** (जिसे बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल **कहा गया)** तक तैरकर गए थे।
  - उन्होंने **वहाँ तीन दिन और तीन रातें बिताईं,** जिसके परिणामस्वरूप उन्हें **ज्ञान की प्राप्ति** हुई।
- **योगदान:**
  - **दार्शनिक: उन्होंने विश्व को** वेदांत **और** योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
    - उन्होंने '**नव-वेदांत**' **का प्रचार-प्रसार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण से हिंदू धर्म** की व्याख्या थी तथा वे **आध्यात्मिकता को भौतिक प्रगति के साथ** जोड़ने में विश्वास करते थे।
  - **आध्यात्मिक:** मानवीय मूल्यों पर विवेकानंद का संदेश उपनिषदों, गीता और बुद्ध **एवं ईसा** के उदाहरणों से लिया गया है, **जिसमें आत्मबोध, करुणा और निस्वार्थ सेवा पर** ज़ोर दिया गया है।
    - उन्होंने **सेवा** के सिद्धांत का समर्थन किया। **जीव** की सेवा करना **शिव की उपासना के समान है।**
    - उन्होंने अपनी पुस्तकों में सांसारिक सुख और आसक्ति से **मोक्ष (मुक्ति)** प्राप्त करने के **चार मार्ग** बताए- **राजयोग, कर्मयोग,**

**ज्ञानयोग और भक्तियोग।**

- **पुनरुत्थानवाद:** उन्होंने हमारी मातृभूमि के **पुनरुद्धार** के लिये **शिक्षा** पर ज़ोर दिया। उन्होंने **मानव-निर्माण और चरित्र-निर्माण** वाली शिक्षा की वकालत की।

- **मूल शिक्षाएँ:**
  - **युवा:** उन्होंने युवाओं को सफलता के लिये **अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिये प्रोत्साहित किया** तथा चुनौतियों का सामना करने में समर्पण के महत्त्व पर बल दिया।
    - **स्वामीजी लोहे जैसी माँसपेशियों और फौलाद जैसी नसों वाला युवा चाहते थे। उनका दृढ़ मत था कि युवाओं को शारीरिक रूप से मज़बूत और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिये।**
  - **नैतिकता:** नैतिकता एक **आचार संहिता है** जो एक व्यक्ति को एक अच्छा नागरिक बनने के लिये मार्गदर्शन करती है और पवित्रता, हमारा **सच्चा दिव्य स्व या आत्मा होने के नाते, हमारे वास्तविक स्वरूप को दर्शाती है।**
  - **धर्म: उनके अनुसार, धर्म परम सत्य का सार्वभौमिक अनुभव है जो असहिष्णुता, अंधविश्वास, हठधर्मिता और पुरोहितवाद से मुक्त है।**
  - **शिक्षा:** विविकानंद ने ऐसी शिक्षा पर ज़ोर दिया जिससे छात्रों का **सहज ज्ञान और शक्ति उजागर हो, चरित्र निर्माण** पर ध्यान केंद्रित हो और उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिये आत्मनिर्भर बनाए।
  - **तर्कसंगतता:** उन्होंने **आधुनिक विज्ञान** की पद्धतियों और परिणामों का पूर्ण **समर्थन किया** और विश्वास के पक्ष में तर्क-शक्ति को अस्वीकार नहीं किया।
  - **राष्ट्रवाद:** उनका राष्ट्रवाद **[मानवतावाद और सर्वहितवाद]** पर आधारित है, जो भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति की दो प्रमुख विशेषताएँ हैं।
    - उनका राष्ट्रवाद जनसामान्य के प्रति चिंता, स्वतंत्रता, समानता और **कर्म योग पर आधारित है- जो** निस्वार्थ सेवा के माध्यम से **राजनीतिक और आध्यात्मिक स्वतंत्रता** का मार्ग है।

- **संबद्ध संगठन:** उन्होंने **सेवा, शिक्षा और आध्यात्मिक उत्थान** के आदर्शों का प्रचार करने के लिये **वर्ष 1897 में [रामकृष्ण मिशन]** की स्थापना की।
  - **वर्ष 1899** में उन्होंने **बेलूर मठ की स्थापना की** जो उनका स्थायी निवास बन गया।
- **अंतर्राष्ट्रीय संबोधन:** उन्होंने **वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित धर्म संसद** को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने **हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व** किया।
  - जुलाई **1896 में उन्होंने** लंदन में **लंदन हिंदू एसोसिएशन** के एक सम्मेलन को संबोधित किया।

# भारतीय दर्शन की विचारधारा - रुढ़िवाद

**भारतीय दर्शन, भारतीय उपमहाद्वीप में उत्पन्न दार्शनिक विचारधारा की परंपराओं को संदर्भित करता है। इसे दो विचारधाराओं में विभाजित किया गया है: रुढ़िवाद (आस्तिक) और अपरंपरागत (नास्तिक) (Orthodox and Heterodox)**

**रुढ़िवादी विचारधारा** का मानना था,कि वेद सर्वोच्च ग्रंथ हैं जिनमें मोक्ष के रहस्यों को शामिल किया गया है।

## सांख्य दर्शन

- कपिल मुनि द्वारा स्थापित।
- दर्शनशास्त्र का सबसे प्राचीन दर्शन।
- इसके अनुसार यथार्थवाद, पुरुष (स्व, आत्मा या मन) और प्रकृति (जड़, उत्पत्ति, ऊर्जा) से उत्पन्न होता है।
- **इसके विकास की दो अवस्थाएँ हैं:**
  - मूल सांख्य (भौतिकवादी दर्शन)
  - नूतन सांख्य (आध्यात्मिक दर्शन)

## योग दर्शन (दो प्रमुख तत्वों का संघ)

- पतंजलि द्वारा स्थापित।
- मनुष्य, ध्यान और शारीरिक योग क्रियाओं के संयोजन से मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

| मोक्ष (Freedom) प्राप्ति के साधन | प्राप्ति के स्वरूप |
|---|---|
| यम | स्व-नियंत्रण का अभ्यास |
| नियम | जीवन को नियंत्रित करने हेतु नियमों का पालन |
| प्रत्याहार | विषय का चयन |
| धारणा (Dharna) | मन को स्थिर करना (चयनित विषय पर) |
| ध्यान | चुने हुए विषय (पूर्वकथित) पर ध्यान केंद्रित करना |
| समाधि | यह मन और विषय का समागम है और इससे अंततः स्व भंग (dissolution) होता है |

## न्याय दर्शन

- गौतम ऋषि द्वारा स्थापित।
- इसके अनुसार, सब कुछ तर्क और अनुभव पर आधारित होना चाहिये।
- **ज्ञान प्राप्त करने के साधन:** प्रत्यक्ष, अनुमान, तुलना और मौखिक शब्द।

## वैशेषिक दर्शन

- ऋषि कणाद द्वारा स्थापित।
- सब कुछ अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी और ईथर (आकाश) द्वारा सृजित है।
- विकसित परमाणु सिद्धांत (सभी भौतिक वस्तुएँ परमाणुओं से निर्मित हैं)।
- **विश्वास:**
  - ईश्वर एक मार्गदर्शक कारण (Guiding Principle) हैं।
  - कार्मिक नियम ब्रह्मांड का मार्गदर्शन करते हैं।

## मीमांसा दर्शन/पूर्व मीमांसा

- जैमिनी ऋषि द्वारा स्थापित।
- वेद शाश्वत हैं और सभी ज्ञान से युक्त हैं।
- धर्म का अर्थ वेदविहित कर्त्तव्यों का पालन करना है।

## वेदांत दर्शन (वेदों/उपनिषदों का अंत)

- उपनिषदों की दार्शनिक शिक्षाएँ (वेदों में रहस्यवादी/आध्यात्मिक चिंतन)।
- **उप-दर्शन:**
  - **अद्वैत (आदि शंकराचार्य):** वैयक्तिक स्व (आत्मन) और ब्रह्म दोनों एक ही हैं।
  - **विशिष्टाद्वैत (रामानुज):** सारी विविधता एक एकीकृत समग्रता (Unified Whole) में समाहित है।
  - **द्वैत (माधवाचार्य):** ब्रह्म और आत्मा (Brahman and Atman) दो अलग-अलग तत्व हैं।
    - भक्ति मोक्ष का मार्ग है।
  - **द्वैताद्वैत (निम्बार्क):** ब्रह्म सर्वोच्च वास्तविकता है।
  - **शुद्धाद्वैत (वल्लभाचार्य):** ईश्वर और व्यक्ति एक ही हैं।
  - **अचिंत्य भेद अभेद (चैतन्य महाप्रभु):** वैयक्तिक स्व [जीवात्मा (Jīvatman)] ब्रह्म से भिन्न भी है और नहीं भी।

Drishti IAS

## विवेकानंद से संबंधित विचार

- जिस देश में **लाखों लोगों** के पास खाने को कुछ नहीं है और जहाँ कुछ **हज़ार साधु-संत और ब्राह्मण** उन गरीबों का खून चूसते हैं और उनकी उन्नति के लिए कोई चेष्टा नहीं करते, क्या वह धर्म है या पिशाच का नृत्य? **- स्वामी विवेकानंद**
- यह मत भूलो कि **निम्न वर्ग**, अज्ञानी, गरीब, अनपढ़, मोची, सफाई कर्मचारी सब हमारे **भाई हैं - स्वामी विवेकानंद**
- जहाँ तक **बंगाल का प्रश्न है, विवेकानंद को आधुनिक राष्ट्रवादी आंदोलन** का **आध्यात्मिक जनक** माना जा सकता है **-सुभाष चंद्र बोस।**

## राष्ट्रीय युवा नीति (NYP) 2014

- **NYP 2014: यह भारतीय युवाओं को** अपनी **संपूर्ण क्षमता हासिल करने** और देश के विकास में **सक्रिय रूप से भाग लेने के लिये सशक्त बनाने** हेतु **युवा मामले और खेल मंत्रालय** द्वारा एक नीतिगत ढाँचा है।
- **NYP 2024:** सरकार ने NYP 2014 की **समीक्षा की और उसे अद्यतन किया है, नवीन NYP 2024 के लिये एक प्रारूप जारी किया।**
  - यह प्रारूप भारत में युवा विकास के लिये **दस वर्षीय दृष्टिकोण की रूपरेखा प्रस्तुत करता है, जो सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के अनुरूप है।**
  - यह पाँच मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है: **शिक्षा, रोज़गार, युवा नेतृत्व, स्वास्थ्य एवं सामाजिक न्याय**, तथा सामाजिक समावेशन के प्रति प्रतिबद्धता रखता है।
- **प्रमुख बिंदु निम्नलिखित हैं:**
  - **वर्ष 2030 तक युवा विकास लक्ष्यों को** प्राप्त करने के लिये एक स्पष्ट योजना।
  - करियर और जीवन कौशल में सुधार हेतु **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के साथ संरेखण।
  - नेतृत्व और स्वयंसेवा के अवसरों को मजबूत करना तथा युवाओं को सशक्त बनाने के लिये **प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।**
  - स्वास्थ्य देखभाल, विशेषकर **मानसिक स्वास्थ्य और प्रजनन स्वास्थ्य को बढ़ावा देना** तथा **खेल और फिटनेस को बढ़ावा देना।**
  - **हाशिये पर पड़े युवाओं के लिये सुरक्षा, न्याय और सहायता** सुनिश्चित करना।

## निष्कर्ष

विकसित **भारत युवा नेता संवाद और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएँ** युवा सशक्तीकरण, नैतिक नेतृत्व और समग्र विकास पर ज़ोर देती हैं। **NYP 2024 जैसे राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए**, इन पहलों का उद्देश्य युवाओं को **शिक्षा, आत्मनिर्भरता और तर्कसंगतता से लैस करना है** ताकि भारत के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए भारत के स्थायी भविष्य को आकार दिया जा सके।

| **दृष्टि मुख्य परीक्षा प्रश्न:** |
|---|
| **प्रश्न:** "एक मज़बूत, तर्कसंगत और नैतिक युवा एक विकसित भारत की आधारशिला है।" विवेकानंद की शिक्षाओं के प्रकाश में टिप्पणी कीजिये। |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/162nd-birth-anniversary-of-swami-vivekananda